हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 25 सितंबर 2026

नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

04 2 हजार से ऊपर के ऑनलाइन पेमेंट पर शुल्क से बचने व्यापारी ...



10 प्रधानमंत्री ने किया वड़नगर से वाराणसी जा रहे सेवा संकल्प बाइक...



## खबर संक्षेप

### टेल लैंप के नए आदेश के विरोध में प्रदर्शन 28 को

**नर्मदापुरम।** इटारसी। मालगाड़ियों में टेल लैंप की व्यवस्था एवं रखरखाव को लेकर जारी नए आदेश के विरोध में वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ द्वारा 28 सितंबर से चरणबद्ध आंदोलन शुरू किया जाएगा। संघ के महामंत्री अशोक शर्मा के कुशल नेतृत्व में तथा भोपाल मंडल अध्यक्ष आर.के. शर्मा और मंडल सचिव कमलेश परिहार के नेतृत्व में भोपाल मंडल सहित पूरे जबलपुर जोन में धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। मंडल संघटक प्रीतम तिवारी ने बताया कि संघ द्वारा रेलवे बोर्ड के 23 सितंबर के आदेश का विरोध किया जा रहा है। संघ का कहना है कि टेल लैंप लगाने एवं उसकी सुनिश्चितता की जिम्मेदारी रनिंग स्टाफ पर डालना व्यवहारिक नहीं है। इसी के विरोध में 28 सितंबर से आंदोलन को चरणबद्ध रूप से आगे बढ़ाया जाएगा।

### 6 अक्टूबर को मनाया कृमि मुक्ति दिवस

**सीहोर।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस 2026 एवं एनीमिया मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत कृमिनाशक दवा सेवन अभियान आयोजित किया जाएगा। जिले में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस 6 अक्टूबर तथा मॉप-अप दिवस 9 अक्टूबर 2026 को आयोजित किया जाएगा।

### अतिथियों ने देर रात वितरित किए पुरस्कार, समिति ने जताया आभार

# महोत्सव: 24 घंटे में तक चली डोल ग्यारस पर इनामी भजन प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर में डोल ग्यारस का 128 वां वार्षिक आयोजन बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात संपन्न हुआ। आयोजन भजन प्रतियोगिता के समापन के साथ संपन्न हुआ। जिसमें श्री शारदा मंडल सोनतलाई ने प्रथम पुरस्कार जीता है।

सोहागपुर डोल ग्यारस समिति अध्यक्ष चौधरी राजेंद्र सिंह ने बताया कि मंगलवार-बुधवार की दरमिमानी रात लगभग 12 बजे प्रतियोगिता प्रारंभ हुई थी। तथा 24 घंटे तक प्रतियोगिता चली। बरसात के बीच भी प्रतियोगिता जारी रही एवं हजारों श्रोताओं ने विपरीत मौसम के बाद भी भजनों के प्रति अपनी रुचि व समर्पण दिखाते हुए प्रतियोगिता को सफल संपन्न कराने में सहयोग किया। बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात पुरस्कार वितरित किए गए।



### यह रहे मौजूद



इस दौरान आयोजन समिति अध्यक्ष चौधरी राजेंद्र सिंह सहित समाजसेवी कन्नूलाल अग्रवाल, मंगल सिंह रघुवंशी, चंद्रकांत चौरसिया, महेश साहू, विजय अग्रवाल, हरगोविंद पुर्विया, कांग्रेस नेता पुष्पराज पटेल, पूर्व नपाध्यक्षद्वय संतोष मालवीय एवं अभिलाष चंदेल, चौधरी राकेश सिंह, चौधरी गजेंद्र सिंह, चौधरी सुरेंद्र सिंह, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि यशवंत पटेल, चौधरी नवीन सिंह, नीरज चौधरी, इरफान खान, रीतेंद्र सिंह ठाकुर, चौधरी राजेश सिंह, जगदीश आरसे, पवन जायसवाल, राकेश चौरसिया, दशरथ रघुवंशी आदि उपस्थित रहे। सभी अतिथियों के हाथों पुरस्कार वितरित कराए गए।

### इन्होंने जीते पुरस्कार

डोल ग्यारस समिति अध्यक्ष चौधरी राजेंद्र सिंह ने बताया कि भजन प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार श्री शारदा भजन मंडल सोनतलाई ने प्राप्त किया। द्वितीय पुस्कार श्री राम मंडल सिटिया गोहना, श्री श्रद्धा मंडल भोपाल तथा श्री हरी भजन मंडल रंढाल को दिया गया। तृतीय पुरुस्कार श्री सुदर्शन मंडल राममंदिर सिलपटी, श्री ठाकुर मंडल हिंगनासुर तथा श्री श्याम मंडल गोपालपुर को दिए गए। जबकि सांत्वना पुरुस्कार श्री नवनीत मंडल बांसखापा, श्री कृष्ण मंडल नगतरा तथा श्री बालकृष्ण मंडल ठीकरी को दिए गए। सोहागपुर डोल ग्यारस समिति अध्यक्ष चौधरी राजेंद्र सिंह सहित अन्य सदस्यों ने सफल आयोजन संपन्नति पर प्रशासन, व्यापारियों, आमजनों व सहयोगियों का आभार व्यक्त किया है।

## नगर पालिका की कचरा गाड़ी ने स्कूटी सवार को मारी टक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शहर में तेज रफ्तार वाहनों की लापरवाही थमने का नाम नहीं ले रही है। बुधवार सुबह मेन रोड प्लाईबोर्ड के पास नगर पालिका की एक कचरा गाड़ी ने स्कूटी सवार को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गिरकर घायल हो गए। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, फरियादी दिनेश कलमे 31 वर्ष पिता रामसिंह कलमे, निवासी अमझिरा थाना तवानगर अपनी स्कूटी से जा रहे थे।

सुबह करीब 9 बजे सामने से आ रही नगर पालिका परिषद की कचरा गाड़ी के चालक ने वाहन को तेजी और लापरवाही से चलाते हुए दिनेश की स्कूटी में टक्कर मार दी। इस हादसे में दिनेश सड़क पर गिर गए। फरियादी दिनेश कलमे की शिकायत पर इटारसी पुलिस ने अज्ञात कचरा वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## कॉलेज में मनाया रासेयो स्थापना दिवस



**सोहागपुर।** पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति महाविद्यालय सोहागपुर में गुरुवार को राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस मनाया गया। जिसमें महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. एनके नीखरा, समिति सचिव हमीर सिंह चंदेल, उप प्राचार्य डॉ. राधेश्याम रघुवंशी, डॉ. विजय कुशवाहा, डॉ. राजेश विश्वकर्मा एवं महाविद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. नीखरा द्वारा रासेयो स्थापना दिवस पर स्वयंसेवकों को शुभकामनाएं दी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना की स्थापना एवं उद्देश्य की जानकारी दी। उप प्राचार्य डॉ. रघुवंशी ने रासेयो में नवयुवकों की भूमिका एवं सेवा कार्य भाव को विकसित करने पर जोर दिया। कार्यक्रम अधिकारी जीएस ठाकुर, आसिया खान एवं स्वयंसेवकों द्वारा महाविद्यालय प्रांगण में स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वयंसेवकों द्वारा कॉलेज परिसर की सफाई एवं पॉलिथीन व पाऊच एकत्रित कर निर्धारित स्थान पर निस्तारण किया गया।

## मंत्री प्रहलाद पटेल सुनाएंगे नर्मदा परिक्रमा के अनुभव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

मां नर्मदा तट पर बसे ग्राम सतवासा में आज दिव्य चेतना सत्संग होगा। श्री निर्विकार पथ सतवासा के इस सत्संग में प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल शामिल होंगे।

आयोजकों ने बताया कि सत्संग परमपूज्य श्रीबाबा जी की प्रेरणा से हो रहा है। इसका उद्देश्य लोगों को निर्विकार जीवन पद्धति से जोड़ना है। कार्यक्रम का संदेश है 'चलो सतयुग की ओर, जागो और जगाओ' तय कार्यक्रम अनुसार दोपहर 11 बजे मां नर्मदा मंदिर में चरण पूजन और आरती होगी। एक से तीन बजे तक दिव्य चेतना सत्संग और भजन होंगे। इसके बाद भंडारा होगा।

कार्यक्रम में मंत्री प्रहलाद पटेल पैदल नर्मदा परिक्रमा के दौरान मिले अनुभवों को श्रद्धालुओं से साझा करेंगे। यह आयोजन सेमरी हरचंद चौराहा रोड से 13 किमी दूर उत्तर में नर्मदा तट पर स्थित ग्राम सतवासा पोस्ट चौराहेट में होगा। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सभी से आग्रह किया गया है।

## राजीव गांधी पंचायती राज संगठन का दो दिवसीय सर्वोदय संकल्प शिविर हुआ संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

राजीव गांधी पंचायती राज संगठन मप्र द्वारा सोहागपुर के वाटिका गार्डन में दो दिवसीय 'सर्वोदय संकल्प शिविर' गुरुवार को संपन्न हुआ। 23 और 24 सितंबर को आयोजित शिविर में कार्यकर्ताओं को वैचारिक मजबूती और सर्वोदय विचारधारा का प्रशिक्षण दिया गया। सोहागपुर नगर कांग्रेस अध्यक्ष प्रशांत जायसवाल ने बताया कि कार्यक्रम में राजीव गांधी पंचायती राज संगठन की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मोना कौरव ने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए संगठन की मजबूती पर बल दिया। एआईसीसी ट्रेनर प्रज्ञा फिलिप्स ने प्रशिक्षण बावत कहा कि दो दिवसीय शिविर का मुख्य लक्ष्य सर्वोदय विचारधारा को व्यापक रूप से प्रसारित करना और संगठन के जमीनी कार्यकर्ताओं का वैचारिक



निर्माण करना है। शिविर में कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने ट्रेनर हेमंत ताले, ब्रजभूषण पांडेय और प्रज्ञा फिलिप्स उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्टेट कोऑर्डिनेटर रसूल खान और अजीत सिंह की अहम भूमिका रही। प्रशांत जायसवाल के अनुसार शिविर में नर्मदापुरम संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की।

## आज निकलेगी श्रीजी विमान शोभा यात्रा पर्यूषण पर्व पर बच्चों की हुई प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

पर्युषण पर्व के पावन अवसर पर श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर में पांचवें दिवस उत्तम सत्य धर्म की आराधना श्रद्धा एवं उत्साह के साथ की गई। इस अवसर पर बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में समाज के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने विभिन्न आकर्षक वेशभूषाओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों की प्रस्तुतियों ने उपस्थित समाजजनों का मन मोह लिया। प्रतियोगिता में सहभागिता करने वाले सभी बच्चों



का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें पुरस्कार एवं उपहार प्रदान किए गए। इस दौरान बड़ी संख्या में जैन समाज के महिला-पुरुष एवं बच्चे उपस्थित रहे। कार्यक्रम का वातावरण भक्ति, उल्लास एवं बच्चों की खुशियों से सराबोर रहा। शुक्रवार को श्री दिगंबर जैन मंदिर समिति द्वारा अनंत चतुर्दशी चल समारोह का आयोजन किया जाएगा जिसमें श्रीजी विमान शोभा यात्रा दोपहर 2:00 बजे से निकाली जाएगी समिति ने पुरुष वर्ग से सफेद वस्त्र एवं महिलाओं से पीले वस्त्र में शामिल होने का आग्रह किया ।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ मनाया गया रासेयो स्थापना दिवस, विद्यार्थी हुए पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर




सेवा संकल्प अभियान 2026 के तारतम्य में शासन के निर्देशानुसार एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस पर महाविद्यालय में कार्यक्रम बड़ी धूमधाम से मनाए गए 1 राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 01 एवं इकाई 02 के स्वयं सेवकों ने परिसर तथा कक्ष को भव्य रूप से सजाया जिसमें मैदान में झंडे ,चुने से लाइनिंग ,सेल्फी प्वाइंट,रंगोली ,एन. एस. एस. बेज चित्रकारी रंगोली ,रिबन से विभिन्न प्रकार की सज्जा सम्मिलित हे

आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में श्री सुरेश अग्रवाल अध्यक्ष जनभागीदारी समिति विशेष अतिथि के रूप में अनुराग दीवान मनीष चतुर्वेदी मुख्य परामर्श दाता रासेयो, अन्य आमंत्रित अतिथियों में देवी सिंह राजपूत आदेश शर्मा , प्रशांत सोनी हर्ष तिवारी जी, कैलाश भगौरिया , मृदुल नाथ चौहान संगठन मंत्री एबीवीपी , यशवंत दुबे मुख्य रूप से उपस्थित रहे 1 शुभारंभ राष्ट्रीय सेवा योजना के ध्वजारोहण के साथ ही वंदे मातरम्-तथा लक्ष्य गीत से हुआ इसके उपरांत दीप प्रज्ज्वलित कर मां सरस्वती की वंदना वैशाली यादव ने प्रस्तुत की आगंतुकों का स्वागत राष्ट्रीय सेवा योजना का बेज और तिलक लगाकर किया गया स्वागत गीत दीप्ति पाल ने प्रस्तुत किया प्राचार्य ने स्वागत उदबोधन दिया 1 राष्ट्रीय सेवा योजना की संपूर्ण जानकारी स्वयं सेवक सपना यादव ने प्रस्तुत की ,छात्र कपिल,मधुसूदन आदि शामिल रहे।

## नपाध्यक्ष ने वार्ड 23 में सड़क निर्माण कार्य कराया प्रारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नपाध्यक्ष नीतू यादव द्वारा आज वार्ड क्रमांक 23 में सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ कराया गया। इस दौरान उन्होंने मशीनरी की पूजन की साथ ही भूमि पूजन किया।

नपाध्यक्ष यादव ने बताया कि वार्ड क्रमांक 23 के नागरिकों की लंबे से यह मांग चली आ रही थी। यह सड़क 28 लाख की राशि से बनेगी। इस सड़क के बन जाने से स्थानीय नागरिकों को आवागमन में सुविधा होगी। श्रीमती यादव द्वारा निर्माण एजेंसी को सड़क निर्माण कार्य समय सीमा में और गुणवत्तायुक्त पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर वार्ड पार्षद बंटी परिहार, सुनील गोरे सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

## कुड़मी-कुर्मी विसंगति दूर करने की मांग को लेकर सदस्यों ने आयोग अध्यक्ष से की भेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



मप्र पिछड़ावर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया के मार्गदर्शन में नर्मदापुरम संभाग के बैतूल, हरदा एवं नर्मदापुरम के कुर्मी-कुड़मी समाज के प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की अध्यक्ष साध्वी निरंजन ज्योति से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने मध्यप्रदेश की केंद्रीय सूची में कुड़मी-कुर्मी संबंधी विसंगति दूर कर कुड़मी जाति को शामिल करने की मांग रखी। प्रतिनिधियों ने बताया कि मध्यप्रदेश की राज्य पिछड़ा वर्ग सूची में कुड़मी जाति का उल्लेख होने के बावजूद केंद्रीय सूची में स्पष्ट उल्लेख नहीं होने से समाज के लोगों को केंद्रीय प्रमाण-पत्र एवं विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में आरक्षण का लाभ लेने में कठिनाई होती है। प्रतिनिधिमंडल ने साध्वी निरंजन ज्योति को मां नर्मदा का छायाचित्र भेंट कर मध्यप्रदेश एवं नर्मदापुरम संभाग आने का निमंत्रण भी दिया। प्रतिनिधिमंडल के अनुसार, अध्यक्ष ने समस्या को उचित बताते हुए कहा कि इस संबंध में आवश्यक औपचारिकताएं पूरी की जा चुकी हैं और शीघ्र आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। प्रतिनिधिमंडल में नवीन पटेल, लक्ष्मीकांत वर्मा, तेजकुमार गौर, नवील वर्मा, राधेलाल घनकारे, सीताराम पटेल, हरिप्रसाद झल्लारे, गुलाब सिनोटिया, अशोक मलैया, कमलेश झल्लारे आदि मौजूद रहे।

## सहायक प्राध्यापक परीक्षा में सौरभ ने हासिल की सफलता



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

वार्ड क्रमांक 3 रानी दुर्गावती नगर (काबड़ मोहल्ला) निवासी आदिवासी समाज के होनहार युवा सौरभ धुर्वे ने मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की 2024 सहायक प्राध्यापक परीक्षा में सफलता हासिल कर जिले और आदिवासी समाज का नाम रोशन किया है। बताया गया कि वे जिले के एकमात्र आदिवासी चयनित अभ्यर्थी हैं। सौरभ धुर्वे की इस उपलब्धि पर भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा एवं पार्षद राहुल प्रधान, मध्यप्रदेश आदिवासी युवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष आकाश कुशराम, रजत मार्सकोले, संजय युवने, विवेक युवने, पवन मार्सकोले, राघवेंद्र उइके, आशीष गज्जाम, रोशन धुर्वे, रूपेश धुर्वे सहित अन्य साथियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सौरभ के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनकी सफलता को समाज के युवाओं के लिए प्रेरणादायी बताया।

### श्री गणेश महोत्सव पर पत्रकार संघ ने किया आयोजन

## पत्रकार भवन में भगवान गणेश को लगाया छप्पन भोग, नगर पालिका अध्यक्ष ने किया शुभारंभ, महाआरती में उमड़े श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

स्थानीय पीपल चौक स्थित नर्मदांचल पत्रकार भवन में विराजमान भगवान श्री गणेश को शनिवार को छप्पन भोग अर्पित किया गया। इस अवसर पर भगवान गणेश की आकर्षक साज-सज्जा के साथ भव्य झांकी तैयार की गई।

नगर पालिका अध्यक्ष नीतू यादव ने छप्पन भोग कार्यक्रम का शुभारंभ किया।इसके बाद भगवान श्री गणेश की भव्य महाआरती की गई। महाआरती में पार्षद निर्मला रॉय एवं पार्षद आरती लक्ष्मण बैस सहित पत्रकार, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक शामिल हुए। श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव के साथ भगवान गणेश की आरती की और प्रसादी ग्रहण की।

इस दौरान पत्रकार भवन में गणपति बप्पा के जयकारों से भक्तिमय वातावरण बना रहा।इस अवसर पर नवदंचल पत्रकार संघ के



अध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, विजय कुंभारे, वरिष्ठ पत्रकार सुधीर व्यास, मनोज सोनी, प्रदीप गुप्ता, रूद्र प्रताप चौहान, इन्द्र कुमार सोनी, दयाराम फौजदार, कमलेश चौधरी, वरिष्ठ पत्रकार राजीव अग्रवाल, सीमा केथवास, पुरुषोत्तम मालवीय, हेमंत राजपूत, कन्हैयालाल वर्मा सहित समाजसेवी एस डांगी, मनीष सोलंकी, नलिन पटेल, श्री चौहान, राजीव दुबे, मयंक तोमर, अधिवक्ता मनीष तिवारी, अधिवक्ता अनूप तोमर, अधिवक्ता आनंद तिवारी, पूर्व अध्यक्ष बार एसोसिएशन दीपक जैन, गोविंद चौधरी, गोलू अवस्थी, कुसुम तोमर, राजेंद्र धाकड़, के एन त्रिपाठी महा आरती में शामिल हुए ।

## दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में 26 सितंबर को धार्मिक आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

रेलवे स्टेशन के सामने स्थित दक्षिणमुखी श्री हनुमान मंदिर में 26 सितंबर को विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। मंदिर में एक वर्ष पूर्व श्री हनुमंत लाल जी की पुनः प्राण प्रतिष्ठा की गई थी। आयोजन के तहत सुबह 6 से 7 बजे के बीच श्री हनुमंत लाल जी का पंचामृत स्नान एवं नया चोला चढ़ाया जाएगा। इसके बाद भगवान शंकर का रुद्राभिषेक होगा। सुबह 11 बजे विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे सहित अन्य अतिथियों की उपस्थिति में महाआरती एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा। दोपहर 12 से 2 बजे तक सुंदरकांड पाठ और शाम 7 बजे से भजन संध्या आयोजित होगी।

मंदिर समिति अध्यक्ष हेमंत शुक्ला ने नगरवासियों से धार्मिक आयोजन में शामिल होकर पुण्य लाभ लेने की अपील की है।

## खबर संक्षेप



### सतीश बौरासी बने मध्यप्रदेश प्रभारी

**सारनी।** अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन ने संगठन विस्तार के तहत मध्यप्रदेश में नई नियुक्तियां की हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष उमेश यादव एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष घनश्याम यादव की अनुशंसा पर सतीश बौरासी को मध्यप्रदेश का प्रदेश प्रभारी नियुक्त किया गया है। वहीं अनुज राठौर को बैतूल जिले का युवा जिला अध्यक्ष बनाया गया है। दोनों नियुक्तियों से संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। प्रदेश प्रभारी की जिम्मेदारी मिलने पर सतीश बौरासी ने कहा कि वे संगठन की ओर से मिली जिम्मेदारी का पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ निर्वहन करेंगे। साथ ही मानव अधिकारों के प्रति लोगों को जागरूक करने और संगठन के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे। इसी क्रम में संगठन ने अनुज राठौर को बैतूल जिले का युवा जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। नई जिम्मेदारी मिलने पर राठौर ने संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों का आभार जताते हुए कहा कि वे पूरी निष्ठा के साथ संगठन को मजबूत बनाने का कार्य करेंगे। जिले में संगठन का प्रचार-प्रसार करने के साथ मानव अधिकारों से संबंधित नियमों और प्रावधानों के तहत लोगों की सहायता के लिए प्रयास किए जाएंगे। दोनों नवनियुक्त पदाधिकारियों को संगठन के सदस्यों ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।

### साहित्य परिषद का व्याख्यान व सम्मान समारोह 27 सितंबर को

**बैतूल।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद इकाई बैतूल द्वारा आत्मबोध से विश्व बोध विषय पर व्याख्यान एवं सम्मान समारोह तथा रचना पाठ का आयोजन 27 सितंबर रविवार को विश्वकर्मा मंदिर में प्रातः 11 से किया गया है, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में पद्मश्री लाल मोहन नागर , उपाध्यक्ष जन अभियान परिषद मध्य प्रदेश उपस्थित रहेंगे, साथ ही अध्यक्षता डॉक्टर कैलाश वर्मा गायत्री परिवार एवं सारस्वत अतिथि प्रवीण गुगनानी राष्ट्रीय प्रचार प्रसार प्रमुख तथा प्रांत से सुनील पान्से प्रांत उपाध्यक्ष, हरदा से मुकेश शांडिल्य प्रांत मंत्री, अमित बिल्लौरे नर्मदा पुरम मीडिया प्रभारी, नवल वर्मा प्रांतीय मीडिया प्रभारी, अजय पवार प्रांत कार्यकारिणी सदस्य मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। उक्त जानकारी साहित्य परिषद के जिलाध्यक्ष पुष्पक देशमुख एवं महामंत्री धर्मेंद्र खौसे ने दी। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर साहित्यकारों का सम्मान एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं का सम्मान भी किया जाएगा तथा वंदे मातरम के डेढ़ सौ वर्ष पूर्ण होने पर सामूहिक वंदे मातरम का गान भी किया जाएगा। व्याख्यानमाला के पश्चात काव्य पाठ किया जाएगा, उन्होंने सभी से इस सारस्वत आयोजन में उपस्थित होने का सादर आग्रह किया है।

### बाजार में फिर बढ़ सकता है नकदी लेने-देन का चलन, बैंक-एटीएम पर पड़ेगा भार

# 2 हजार से ऊपर के ऑनलाइन पेमेंट पर शुल्क से बचने व्यापारी मांगेंगे कैश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

जिस मोबाइल को लोगों ने अपना वॉलेट, बैंक और जिंदगी बना लिया था, वही अब जेब हल्की करने वाला है। केंद्र सरकार और एनपीसीआई द्वारा 2 हजार रुपए से ऊपर के यूपीआई ट्रांजेक्शन पर 0.4 प्रतिशत का मर्चेंट डिस्काउंट रेट लगाने के निर्णय के बाद व्यापारी चिंतित हैं। कहने को तो यह टैक्स व्यापारियों और मर्चेंट्स पर लगाया गया है, लेकिन धरातल पर इसका पूरा बोझ आम जनता की जेब पर ही डाला जा रहा है। जानकारों का कहना है कि जब व्यापारी मर्चेंट चार्ज से बचने के लिए ग्राहकों से कैश मांगेंगे तो बैंक पर नकदी का भारी दबाव आएगा। इससे बैंकिंग व्यवस्था के सामने बड़ा संकट खड़ा हो सकता है।

दरअसल 2 हजार रुपए से अधिक के पात्र व्यक्ति से व्यापारी यूपीआई भुगतान पर 0.4 प्रतिशत मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) लगाने के प्रस्ताव 15 अक्टूबर से लागू होने की बात कही जा रही है। 75 हजार रुपए या उससे अधिक के लेनदेन पर शुल्क अधिकतम 300 रुपए तक रहेगा। वहीं 2 हजार रुपए तक के पात्र व्यापारी भुगतान पर एमडीआर नहीं लगेगा। प्रस्तावित व्यवस्था में छोटे कारोबारियों को राहत देने के लिए क्यूआर के जरिए महीने में एक लाख रूपये तक भुगतान प्राप्त करने वालों को एमडीआर से छूट देने की बात कहीं गई। व्यक्ति-से-व्यक्ति भुगतान पर भी कोई शुल्क नहीं होगा। एमडीआर का शुल्क ग्राहक से सीधे वसूलने की अनुमति नहीं होगी। व्यापारियों का कहना है कि बड़े भुगतान वाले कारोबार में यह शुल्क उनके मुनाफे को प्रभावित कर सकता है।

#### मुनाफे में समायोजित करना पड़ेगा डिजिटल भुगतान का अतिरिक्त खर्च



इलेक्ट्रॉनिक कारोबारियों ने बताया कि मोबाइल, टीवी, फ्रिज और वॉशिंग मशीन जैसी वस्तुओं के बिल आमतौर पर 2 हजार रुपए से अधिक होते हैं। 20 हजार रुपए के यूपीआई भुगतान पर 0.4 प्रतिशत के हिसाब से करीब 80 रुपए एमडीआर बनता है। कपड़ा व्यापारियों का कहना था ग्राहक अब 5 से 10 हजार रुपए तक का भुगतान भी आसानी से यूपीआई से करते हैं। बड़े भुगतान पर शुल्क लगने से महीने के अंत में यह खर्च काफी बढ़ सकता है। हार्डवेयर कारोबारी ने बताया कि निर्माण सामग्री के कारोबार में 2 हजार रुपए से अधिक के बिल सामान्य है। सीमेंट, पाइप, फिटिंग और सैनिटरी सामान की खरीद में भुगतान कई हजार रुपए का होता है। ऐसे में डिजिटल भुगतान का अतिरिक्त खर्च मुनाफे से समायोजित करना पड़ेगा।

### बैंक शाखाओं में बढ़ सकता है नकदी का दबाव

जानकारों का कहना है कि यूपीआई ट्रांजेक्शन पर 0.4 प्रतिशत का मर्चेंट डिस्काउंट रेट लगाने के निर्णय के बाद बैंकों पर नगदी का दबाव बढ़ जायेगा, क्योंकि शुल्क से बचने के लिए नकद लेन-देन बढ़ सकता है। हालांकि बताया जा रहा है कि एमडीआर व्यापारी पर है, उपभोक्ता पर नहीं। लेकिन व्यावहारिक सच यही है कि इसका अप्रत्यक्ष असर ग्राहक पर ही पड़ेगा। लोग चार्ज से बचने के लिए फिर से बैंकों से नकदी निकालेंगे। नकदी लेन-देन बढ़ेगा। बता दे कि बैंकों में भीड़ कम करने के उद्देश्य से ऑनलाइन ट्रांजेक्शन और एटीएम को बढ़ावा दिया गया था। अब उपभोक्ता फिर से बैंकों का रुख करेंगे। इससे एटीएम खाली होंगे। बैंक काउंटरों पर कैश विड्रॉल के लिए लंबी लाइनें दिखेंगी। ज्यादातर लोग नगदी लेन-देन में व्यापार करेंगे। जिससे बाजार में नगदी का चलन बढ़ेगा। मर्चेंट पर लगने वाले शुल्क का असर बाजार व्यवहार पर पड़ सकता है। यदि व्यापारी इसे अपनी लागत में शामिल करते हैं तो वस्तुओं या सेवाओं की कीमत पर असर पड़ सकता है और कुछ ग्राहक नकद भुगतान को प्राथमिकता दे सकते हैं।

### बड़े कारोबार पर ज्यादा असर

इलेक्ट्रिकल कारोबारियों का कहना है कि मोबाइल, लैपटॉप और कंप्यूटर से जुड़े ज्यादातर सामान के बिल 2 हजार रुपए से अधिक होते हैं। एक दिन में कई बड़े डिजिटल भुगतान होने पर महीने का कुल शुल्क बढ़ सकता है। सराफा कारोबारियों ने बताया कि इस कारोबार में भुगतान की राशि सामान्य दुकानों की तुलना में अधिक होती है। भुगतान बढने के साथ शुल्क भी बढ़ेगा। ग्राहक से सीधे शुल्क नहीं लिया जा सकेगा, इसलिए व्यापारी को यह खर्च खुद उठाना पड़ेगा। यहीं वजह है कि व्यापारी संघ ने 2 हजार रुपए से अधिक के यूपीआई भुगतान पर 0.4 प्रतिशत एमडीआर लगाने के प्रस्ताव का विरोध किया है।

### व्यापारियों पर बढ़ेगी लागत

व्यापारियों का कहना है कि यूपीआई की सबसे बड़ी खासियत आसान और डिजिटल भुगतान है। इस पर शुल्क लगाने से छोटे और मध्यम व्यापारियों की लागत बढ़ेगी। व्यापारियों के अनुसार कारोबार में जीएसटी, किराया, बिजली, कर्मचारियों का वेतन, परिवहन और अन्य खर्च पहले से जुड़े हैं। कई कारोबारों में मुनाफा भी सीमित है। ऐसे में बड़े डिजिटल भुगतान पर अतिरिक्त शुल्क लगने से खर्च का बोझ बढ़ सकता है। हालांकि प्रस्तावित व्यवस्था में छोटे भुगतानों और एक लाख रुपए तक के मासिक क्यूआर भुगतान को एमडीआर से बाहर रखने की बात कही गई है। आमजनता से लेकर व्यापारियों का कहना है कि 2020 के बाद मोबाइल ही पर्स और बैंक बन गया था। जेब में नोट रखने की आदत छूट गई थी, लेकिन अब दुकानदारों की वसूली से बचने के लिए नकदी का सहारा लेना पड़ेगा।

## अंजुमन कमेटी के नए अध्यक्ष के रूप में अशफाक, अकरम के नाम की चर्चा



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

अंजुमन इस्लामिया कमेटी के अध्यक्ष पद को लेकर दो नाम अब चर्चा में है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने जल्द ही नए अध्यक्ष का मनोनयन करने के संकेत दिए हैं। इससे कमेटी को नया अध्यक्ष मिलने का रास्ता साफ हो गया है।

वर्तमान में नए अध्यक्ष के रूप में समाज के दो प्रमुख युवाओं के जो नाम सामने आए हैं, उनमें दोनों ही लंबे समय से भाजपा से जु? हैं। इसके साथ ही सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में अध्यक्ष वसीम कुरैशी पाशु को तीसरी बार अध्यक्ष बनाए जाने की चर्चाओं के बीच सोमवार को भाजपा से जुडे मुस्लिम नेता भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल से मिले थे। मुस्लिम नेताओं ने श्री खंडेलवाल से अंजुमन इस्लामिया कमेटी में इस बार नया अध्यक्ष बनाए जाने की मांग रखी थी। इसके बाद से इन दोनों युवा मुस्लिम नेताओं के नाम की चर्चा जोरों से शुरू हो चुकी है। मुस्लिम वर्ग के लोग भी नए को मौका देने के पक्ष में है। इधर प्रदेशाध्यक्ष भी पार्टी से जु? व सक्रिय नए चेहरों को मौका देने का संकेत भाजपा के मुस्लिम नेता को दे चुके हैं। इससे इन्हीं दो नामों में से किसी एक पर जल्द ही अध्यक्ष की मोहर लगना तय माना जा रहा है।

### 6 साल से अध्यक्ष पद पर बने थे वसीम

अंजुमन इस्लामिया कमेटी के निवर्तमान अध्यक्ष वसीम कुरैशी उर्फ पाशु बीते 6 सालों से अध्यक्ष पद पर काबिज है। वे अंजुमन कमेटी में सचिव के पद पर मनोनीत हुए थे। इसके बाद भाजपा से जुडने और सक्रिय भूमिका में रहने पर वे अध्यक्ष के रूप में मनोनीत हुए, इसके बाद वे दो बार अलग -अलग समय मे अध्यक्ष चुने गए थे। वर्तमान में गत 21 सितम्बर से उनका कार्यकाल समाप्त हो चुका है। इसके साथ ही कमेटी के नए अध्यक्ष की तलाश शुरू हो चुकी है।

### अध्यक्ष के लिए अशफाक और अकरम नाम क्यों आए सामने

प्रदेश में वक्फ बोर्ड अध्यक्ष की नियुक्ति के बाद अंजुमन कमेटी बैतूल के अध्यक्ष को बदलने की चर्चा तेज हो गई थी। मुस्लिम नेताओं ने विजय सेवा न्यास परिसर में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल से मुलाकात कर भाजपा में सक्रिय किसी मुस्लिम समाज के नेता को अंजुमन कमेटी का नया अध्यक्ष बनाने की मांग रखी थी। इसके बाद अब्दुल अशफाक और अकरम खान का नाम सामने आया। अब्दुल अशफाक 2007 से सक्रिय रूप से भाजपा से जु? हुए हैं, सामाजिक रूप से समाज के हितों के कामों में इनकी भूमिका काफी अच्छी रही है। वे अल्पसंख्यक मोर्चा के पदों पर भी रहे हैं। भाजपा सदस्यता अभियान में वे सक्रिय रहे हैं। इधर अकरम खान भी भाजपा के सक्रिय नेता के रूप में जाने जाते हैं, वे पिछली नपा चुनाप में पार्षद प्रत्याशी के रूप मे मैदान में रहे हैं।

## घोड़ाडोंगरी में 321 हितग्राहियों का किया स्वास्थ्य परीक्षण



**बैतूल।** 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर 2026 तक आयोजित सेवा से संकल्प अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविर एवं रक्तदान शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। इसी क्रम में 24 सितम्बर गुरूवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र घोड़ाडोंगरी में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ पूर्व संसदीय सचिव श्री रामजीलाल उइके द्वारा किया गया।

शुभारंभ अवसर पर रामजी मालवीय, विधायक प्रतिनिधि, मारूतीलाल सोनारे, राकेश अरोडा उपस्थित रहे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज कुमार हुरमाड़े ने बताया कि स्वास्थ्य शिविर में 321 हितग्राहियों का पंजीयन कर स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार दिया गया। स्वास्थ्य शिविर में एएनसी चेकअप, लेब जांच एवं अन्य स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ सिकल सेल कार्ड, आयुष्मान कार्ड तथा उमंग कार्यक्रम अंतर्गत किशोर-किशारी की काउंसलिंग की गई। शिविर में आयुष एवं होमोपेथी विभाग द्वारा भी सेवाएं प्रदान की गई। शिविर में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ रवि अधिकारी, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ कविता कोरी, बीपीएम श्री ईश्वर मण्डलेकर एवं स्वास्थ्य स्टाफ मौजूद रहा।इसके अलावा शासकीय महाविद्यालय शाहपुर में आयोजित रक्तदान शिविर में 25 यूनिट रक्तदान हुआ। उन्होंने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मुलताई में 26 सितम्बर को स्वास्थ्य शिविर एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सेहरा में रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। सीएमएचओ डॉ. हुरमाड़े ने आमजन से अपील की है कि निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में अपने स्वास्थ्य की जांच करायें एवं स्वास्थ्य लाभ लें। रक्त की कमी से कोई जिदंगी न जाये आपका रक्त किसी का जीवन बचा सकता है, रक्तदान शिविर में आकर रक्तदान करें और मानवता की सेवा में अपना योगदान दें।

## नुक्कड़ नाटक में दिखा 25 वर्षों की सेवा का सफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौंरा

शासकीय बालक उत्तर माध्यमिक विद्यालय भौंरा में नमो सेवा, अनकही कहानी कार्यक्रम के तहत नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। नाटक के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्षों के सफर और इस दौरान देश में शुरू की गई प्रमुख योजनाओं एवं अभियानों को संवाद और अभिनय के जरिए प्रस्तुत किया गया। प्रस्तुति में विद्यार्थियों और मौजूद लोगों को विभिन्न योजनाओं के उद्देश्य और उनके आम लोगों से जुड़े पहलुओं से परिचित कराया गया। नुक्कड़ नाटक में ऑपरेशन सिंदूर को देश की सुरक्षा से जुड़े प्रसंग के रूप में प्रस्तुत किया गया। वहीं रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान भारतीय नागरिकों की सुरक्षित वापसी के प्रसंग के जरिए विदेशों में संकट के समय भारत द्वारा चलाए गए निकासी अभियानों की जानकारी दी गई। नाटक का एक प्रमुख हिस्सा यूपीआई और डिजिटल भुगतान पर केंद्रित रहा। कलाकारों ने बताया कि मोबाइल और क्यूआर कोड के जरिए कुछ सेकंड में भुगतान करने की सुविधा ने रोजमर्रा के छोटे लेन-देन को भी आसान बनाया है। किराना दुकान पर छोटी राशि का भुगतान करने से लेकर अन्य डिजिटल लेन-देन तक को संवाद के जरिए समझाया गया। इसी तरह आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से पात्र परिवारों को



मिलने वाले स्वास्थ्य सुरक्षा कवर की जानकारी दी गई। योजना के तहत पात्र परिवारों को सालाना 5 लाख रुपए तक का स्वास्थ्य कवर मिलने की बात नाटक के माध्यम से बताई गई। इससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए गंभीर बीमारी के उपचार में आर्थिक सहायता के पहलू को दर्शाया गया।

### स्वच्छता और विकास का संदेश भी दिया

नाटक में स्वच्छ भारत अभियान के माध्यम से स्वच्छता को केवल सरकारी अभियान न मानकर नागरिक जिम्मेदारी से जोडने का संदेश दिया गया। कलाकारों ने साफ-सफाई, सार्वजनिक स्थानों को स्वच्छ रखने और लोगों की भागीदारी के महत्व को संवादों के माध्यम से सामने रखा। प्रस्तुति में सबका साथ, सबका विकास के संदेश को भी शामिल किया गया। कलाकारों ने विकास योजनाओं को समाज के अलग-अलग वर्गों तक पहुंचाने और जनभागीदारी को विकास का महत्वपूर्ण आधार बताते हुए प्रस्तुति दी। मंडल अध्यक्ष दिलीप माधव ने कहा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सरकार की प्रमुख योजनाओं और देश में हुए बदलावों की जानकारी सरल भाषा में लोगों तक पहुंचाने का प्रयास किया गया है।

### नौ साल पुराने बिजली बिल विवाद में बिजली कंपनी के पक्ष में फैसला

## आदिश्वर ऑयल लिमिटेड से 52.18 लाख रुपए की राशि वसूलेगी बिजली कंपनी

#### वाद दायर करने की तारीख से 9 प्रतिशत सालाना साधारण ब्याज भी देना होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई

मुलताई की वरिष्ठ खंड न्यायाधीश अदालत ने करीब नौ साल पुराने बिजली बिल विवाद में महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के पक्ष में निर्णय दिया है। अदालत ने मेसर्स आदिश्वर ऑयल एंड फैट्स लिमिटेड से 52 लाख 18 हजार 878 रुपए की बकाया राशि वसूलने का अधिकार विद्युत वितरण कंपनी को दिया है। इस राशि में ऊर्जा प्रभार एवं ऑडिट से संबंधित राशि शामिल है। अदालत ने यह भी निर्देश दिया है कि बकाया राशि पर वाद दायर किए जाने की तारीख से वास्तविक वसूली की तारीख तक 9 प्रतिशत वार्षिक साधारण ब्याज देय होगा। इस फैसले से विद्युत वितरण कंपनी के बकाया वसूली के दावे को न्यायालयीन आधार मिला है। अधिवक्ता प्रवीण माने के अनुसार, यह मामला आरसीएसबी क्रमांक 01/2017 से संबंधित था। मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा मेसर्स आदिश्वर ऑयल एंड फैट्स लिमिटेड के खिलाफ बकाया बिजली राशि की वसूली के लिए न्यायालय में वाद दायर किया गया था। मामले में भारतीय स्टेट बैंक तथा बैतूल के वाणिज्यिक कर अधिकारी को भी पक्षकार बनाया गया था।

### 1994 में लिया था हाई-टेंशन कनेक्शन

न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत तथ्यों के अनुसार, मेसर्स आदिश्वर ऑयल एंड फैट्स लिमिटेड ने वर्ष 1994 में हाई-टेंशन विद्युत कनेक्शन लिया था। कंपनी की ओर से बिजली बिल की राशि का भुगतान नहीं किए जाने के कारण मार्च 2011 तक बकाया राशि जमा हो गई थी। बकाया राशि का भुगतान नहीं होने पर विद्युत विभाग द्वारा 29 अप्रैल 2011 को कंपनी का विद्युत कनेक्शन अस्थायी रूप से विच्छेदित कर दिया गया था। इसके बाद भी बकाया राशि जमा कराने के लिए कंपनी को कई बार नोटिस जारी किए गए। निर्धारित समय में भुगतान नहीं होने पर 5 अक्टूबर 2011 को विद्युत कनेक्शन स्थायी रूप से विच्छेदित कर दिया गया।




### ऑडिट राशि को लेकर भी हुआ विवाद

मामले में ऊर्जा प्रभार एवं ऑडिट से संबंधित राशि को लेकर भी विवाद सामने आया था। इस संबंध में उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम के समक्ष भी कार्रवाई हुई। बाद में विद्युत वितरण कंपनी ने बकाया राशि की वसूली के लिए न्यायालय की शरण ली। न्यायालय ने मामले में प्रस्तुत दस्तावेजों, साक्ष्यों और गवाहों के बयानों का परीक्षण करने के बाद विद्युत वितरण कंपनी के दावे को स्वीकार किया। अदालत ने माना कि कंपनी को आदिश्वर ऑयल एंड फैट्स लिमिटेड से 52,18,878 रुपए की बकाया राशि वसूलने का अधिकार है। हालांकि, न्यायालय ने मामले में भारतीय स्टेट बैंक तथा बैतूल के वाणिज्यिक कर अधिकारी के खिलाफ मांगी गई राहत को स्वीकार नहीं किया। अदालत ने स्पष्ट किया कि इन पक्षकारों से सीधे बकाया बिजली राशि की वसूली का दावा इस न्यायालय के समक्ष स्वीकार्य नहीं है। इस प्रकार न्यायालय ने विद्युत वितरण कंपनी के बकाया राशि संबंधी दावे को स्वीकार करते हुए आदिश्वर ऑयल एंड फैट्स लिमिटेड से मूल बकाया राशि के साथ निर्धारित अवधि का 9 प्रतिशत वार्षिक साधारण ब्याज वसूलने का अधिकार दिया है।

### गणपति बप्पा की विदाई की तैयारी, हवन-पूजन और भंडारे के बाद नदी में शुरू हुआ विसर्जन



**भौंरा।** नगर में गणेशोत्सव के अंतिम चरण में गुरुवार को विभिन्न गणेश पंडालों और मंदिरों में धार्मिक आयोजन हुए। मां खेड़ापति माता मंदिर परिसर में विराजित भगवान श्री गणेश का हवन-पूजन विधि-विधान से संपन्न हुआ। इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में महिला, पुरुष सहित बड़ी संख्या में बच्चे शामिल हुए और प्रसादी ग्रहण की। इसी क्रम में सीमेंट रोड स्थित राधे मित्र मंडल द्वारा स्थापित गणेश पंडाल में गुरुवार को महाआरती का आयोजन किया गया। महाआरती के बाद श्रद्धालुओं को विभिन्न प्रकार की प्रसादी वितरित की गई। आयोजन में बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल हुए। गणेश पंडालों में सुबह-शाम पूजा-अर्चना और आरती के साथ पूरे गणेशोत्सव के दौरान धार्मिक गतिविधियां जारी रहीं। गुरुवार शाम नगर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित कुछ भगवान श्री गणेश की प्रतिमाओं का विसर्जन मां बिजासन माता मंदिर स्थित नदी में किया गया। श्रद्धालु ढोल-नगाड़ों और जयकारों के साथ प्रतिमाओं को लेकर विसर्जन स्थल तक पहुंचे। वहीं नगर में स्थापित अधिकांश गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन शुक्रवार को किया जाएगा। गणेश प्रतिमा विसर्जन को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह के साथ धार्मिक भावनाएं भी देखने को मिलीं। विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान गणेश से सुख-समृद्धि और नगर की खुशहाली की कामना की।

### शराब बनाने के अड्डे भी किए ध्वस्त, मुलताई पुलिस की कार्रवाई

# उमरी-घाना के जंगलों में 3 क्विंटल महुआ लाहन नष्ट

#### जंगलों में दबिश देकर अवैध शराब निर्माण के ठिकानों को किया नष्ट

#### लंबे समय से चल रहे कारोबार में आरोपियों तक पहुंचने की चुनौती

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई

बैतूल जिले में अवैध शराब के निर्माण एवं बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में मुलताई थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस सहायता केंद्र प्रभात पट्टन के स्टाफ ने ग्राम उमरी एवं घाना के घने जंगलों में दबिश देकर करीब 2 से 3 क्विंटल अवैध महुआ लाहन नष्ट किया। पुलिस टीम ने मौके पर अवैध शराब निर्माण के लिए बनाए गए अड्डों और भ_ियों को भी नष्ट किया। पुलिस के अनुसार, बैतूल जिले में अवैध शराब के निर्माण एवं विक्रय की रोकथाम के लिए पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन के निर्देश तथा एसडीओपी एस.के. सिंह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक विकास पटेल के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। पुलिस सहायता केंद्र प्रभात पट्टन के स्टाफ ने उमरी और घाना के जंगलों में पहुंचकर अवैध रूप से शराब बनाने के लिए तैयार किए गए महुआ लाहन को मौके पर ही नष्ट किया।

### जंगलों में बनाए गए थे शराब निर्माण के अड्डे

कार्रवाई के दौरान पुलिस टीम को जंगल क्षेत्र में अवैध शराब निर्माण के लिए तैयार किए गए स्थान मिले। पुलिस ने इन स्थानों पर रखे महुआ लाहन को नष्ट करने के साथ ही शराब बनाने में इस्तेमाल किए जाने वाले अड्डों और भ_ियों को भी ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई में पुलिस चौकी प्रभात पट्टन के स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी मुलताई क्षेत्र में वर्धा नदी के आसपास की दुर्गम खाइयों और जंगल क्षेत्रों में पुलिस द्वारा अवैध शराब निर्माण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बड़ी मात्रा में महुआ लाहन नष्ट किया गया था। इसके बाद अब प्रभात पट्टन क्षेत्र के



उमरी-घाना के जंगलों में कार्रवाई की गई है। लगातार सामने आ रहे इन मामलों से संकेत मिलता है कि दुर्गम जंगल क्षेत्रों में अवैध शराब निर्माण की गतिविधियां पुलिस के लिए चुनौती बनी हुई हैं।

### आरोपियों तक पहुंचना चुनौती

इन कार्रवाईयों में पुलिस द्वारा अवैध शराब निर्माण के ठिकानों और बड़ी मात्रा में महुआ लाहन को नष्ट किया जा रहा है। हालांकि, उपलब्ध पुलिस कार्रवाई की जानकारी में इन मामलों में आरोपियों की गिरफ्तारी की पुष्टि नहीं हुई है। ऐसे में यह सवाल भी उठ रहा है कि जंगलों में शराब निर्माण के लिए लाहन और अन्य सामग्री पहुंचाने वाले तथा तैयार शराब की आपूर्ति करने वाले लोगों तक पुलिस कब पहुंच पाएगी। मुलताई एवं प्रभात पट्टन क्षेत्र का एक बड़ा हिस्सा महाराष्ट्र की सीमा से जुड़ा हुआ है। स्थानीय स्तर पर लंबे समय से यह चर्चा रही है कि सीमावर्ती जंगल क्षेत्रों में तैयार होने वाली कच्ची शराब की तस्करी और आपूर्ति के तार दोनों राज्यों से जुड़े हो सकते हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि जंगलों में शराब निर्माण के अड्डों को नष्ट करने के साथ-साथ इसके पीछे सक्रिय लोगों की पहचान कर उनके विरुद्ध भी प्रभावी कार्रवाई की आवश्यकता है। नागरिकों ने पुलिस से मांग की है कि अवैध शराब निर्माण के स्रोत तक पहुंचकर इसमें शामिल लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि जंगल क्षेत्रों में चल रहे इस कारोबार पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाया जा सके।

## खबर संक्षेप

### महाराणा प्रताप के नाम से होगा मंडी चौराहा



देवास। देवास शाजापुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी द्वारा 27 दिसम्बर को कलेक्टर, जिला देवास को पत्र लिखा गया था। सोलंकी ने पत्र में ग्राम पंचायत, भैंसुनी स्थित विजयागंज मंडी चौराहा का नामकरण भारतीय शौर्य, स्वाभिमान के प्रतीक महाराणा प्रताप चौराहा किए जाने का प्रस्ताव रखा था। सांसद सोलंकी ने इसी प्रकार 27 दिसम्बर 2025 को पत्र के माध्यम से कलेक्टर के समक्ष जिले के विकास खण्ड टोंकखुर्द के ग्राम खरेली स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का नामकरण देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न पंडित अटल बिहारी वाजपेयी के नाम से किए जाने का प्रस्ताव प्रेषित किया था । कलेक्टर ऋतुराज सिंह द्वारा सांसद सोलंकी के इन दोनो प्रस्ताव पर समस्त कार्यवाही, प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी मार्गदर्शी सिद्धांत के आधार पर विजयागंज मंडी चौराहा को महाराणा प्रताप चौराहा एवं खरेली स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को पंडित अटल बिहारी वाजपेयी किए जाने सम्बन्धी अधिसूचना जारी की गई है । अधिसूचना की प्रति जनसंपर्क विभाग सहित शासन, प्रशासन के संबंधित विभागों को प्रेषित की है।

### किसानों ने अपनी समस्याओं को लेकर निकाली ट्रैक्टर रैली, सौंपा ज्ञापन

# लाभकारी मूल्य, कर्ज माफी, फसल बीमा व जिले को सूखाग्रस्त घोषित करने की मांग

समस्याओं के निराकरण हेतु राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ, मालवा-निमाड़ प्रांत के नेतृत्व में किसानों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



किसानों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ, मालवा-निमाड़ प्रांत के नेतृत्व में बुधवार को ट्रैक्टर और पैदल रैली निकाली गई। एबी रोड से शुरू हुई रैली में किसान हाथों में संगठन के झंडे लेकर नारेबाजी करते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। यहां जिलाध्यक्ष गगन सिंह पटेल के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया।ज्ञापन में महासंघ ने सभी कृषि उपज का लागत के आधार पर सी2+50 प्रतिशत के अनुसार लाभकारी मूल्य निर्धारित करने की मांग की।

साथ ही किसानों को शासकीय एवं अर्धशासकीय ऋण से मुक्त करने और समर्थन मूल्य पर उपज खरीदी सुनिश्चित करने की मांग रखी गई। संगठन ने वर्ष 2018 से अब तक फसल बीमा राशि राजस्व एवं कृषि विभाग की अनावरी रिपोर्ट के आधार पर किसानों को दिए जाने की मांग की। साथ ही सेटेलाइट आधारित सर्वे में कथित अनियमितताओं को रोकने तथा भूमि सीमांकन के लिए पुराने नक्शों और खसरों को आधार बनाने की मांग की।

ज्ञापन में दूध का भाव 12 रुपए प्रति फैट करने, भावांतर योजना बंद करने और सभी मंडियों में मंडी एक्ट 1972 का पालन सुनिश्चित करने की मांग भी शामिल रही। इंदिरा सागर, ओंकारेश्वर और सरदार सरोवर परियोजनाओं से प्रभावित किसानों को समान मुआवजा देने तथा रासायनिक खाद की ई-टोकन व्यवस्था समाप्त कर आवश्यकता के अनुसार खाद उपलब्ध कराने की मांग की गई।महासंघ ने सिंचाई के लिए दिन में 12 घंटे सतत बिजली आपूर्ति, सोयाबीन में पीला मोजेक रोग से हुए नुकसान का सर्वे कर मुआवजा एवं बीमा राशि देने की मांग की। वहीं जिले में अल्पवर्षा को देखते हुए जिले को सूखाग्रस्त घोषित करने और सभी शासकीय वसूली पर रोक लगाने की मांग भी ज्ञापन में रखी गई। इस दौरान प्रदेश संगठन मंत्री घनश्याम पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष लाल सिंह बागवान, प्रांतीय अध्यक्ष कैलाश चौधरी, संभागीय अध्यक्ष मानसिंह कोठारी, संगठन मंत्री गोपाल पाटीदार सहित संगठन के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। जानकारी जिला मीडिया प्रभारी संदीप प्रजापति ने दी।



## एशियाई खेलों में सॉफ्ट टेनिस में पदक जीतने वाले पहले भारतीय बने जय मीणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



मध्यप्रदेश के देवास निवासी भारतीय सॉफ्ट टेनिस खिलाड़ी जय मीणा ने एशियाई खेलों में इतिहास रच दिया। पुरुषों की एकल सॉफ्ट टेनिस स्पर्धा में जय मीणा ने कांस्य पदक अपने नाम किया। वह एशियाई खेलों में इस स्पर्धा में पदक जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं।सेमीफाइनल मुकाबले में जय मीणा को जापान के तुकोया कुरोसाका के हाथों 2-4 से हार का सामना करना पड़ा। हालांकि सेमीफाइनल में पहुंचने के साथ ही उन्होंने कांस्य पदक पक्का कर लिया। इस उपलब्धि के साथ जय मीणा ने भारतीय सॉफ्ट टेनिस में नया अध्याय जोड़ दिया। देवास के रहने वाले जय मीणा इससे पहले 2018 और 2022 के एशियाई खेलों में भी भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। हालांकि दोनों ही प्रतियोगिताओं में वह पदक दौर तक पहुंचने में सफल नहीं हुए थे। इस बार उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए पदक हासिल किया।जय मीणा वर्ष 2022 के राष्ट्रीय खेलों में स्वर्ण पदक जीत चुके हैं। इसके अलावा वर्ष 2024 की विश्व सॉफ्ट टेनिस चैंपियनशिप की मिश्रित युगल स्पर्धा में भी उन्होंने कांस्य पदक जीता था। अब एशियाई खेलों में पुरुष एकल का कांस्य पदक जीतकर उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी उपलब्धियों में एक और महत्वपूर्ण अध्याय जोड़ दिया है।

## श्री राजपूत करणी सेना ने मनाया स्थापना दिवस



देवास। श्री राजपूत करणी सेना जिला कार्यालय ग्राम खटाम्बा पर श्री राजपूत करणी सेना के 20 वें स्थापना दिवस पर संस्थापक स्व. लोकेन्द्रसिंह कालवी की याद में दीप प्रज्ज्वलित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। संगठन के समस्त कार्यकर्ताओं ने शपथ भी ली। संगठन जिलाध्यक्ष देवेन्द्रसिंह ने बताया कि हम संगठन का स्थापना दिवस मना रहे हैं। श्री राजपूत करणी सेना की स्थापना लोकेन्द्रसिंह कालवी ने 23 सितम्बर 2006 को की थी। हम श्री कालवी के विचारों पर चलते रहेंगे, समाज और देश के लिए हम सदैव खड़े रहेंगे। यूजीसी जैसे काले कानून का हम पूर्ण रूप से विरोध करते हैं हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष महिपालसिंह मकराणा के साथ हम हमेशा कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे। विगत दिनों प्रदेश अध्यक्ष विशालसिंह रघुवंशी के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा सवर्ण यात्रा देशनोक बिकानेर से जयपुर तक व पानीपत से चंडीगढ तक निकाली गई थी जिसमे हमारी टीम पूरे समय मौजूद रही । बहुत जल्द ही मध्यप्रदेश में भी यात्रा प्रारंभ करेंगे। इस अवसर पर राजवीर सिंह, सावरा बन्ना , सुमित बन्ना, गणपत सिंह, भीम सिंह, अजय भोले, नैतिक बन्ना, आयुष चौधरी, तुसार बन्ना, देवराज बन्ना, चिराग़, हनी सिंह ,चिराग़ बन्ना आदि उपस्थित थे।

## डोल ग्यारस पर निकाला भव्य चल समारोह डोल के आगे अनूठा नृत्य बना आकर्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



डोल ग्यारस के अवसर पर बुधवार को नगर भौरासा में विभिन्न मंदिरों और समाजों के डोल का भव्य चल समारोह निकाला गया। नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए सभी डोल सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पहुंचे, जहां वसूली पटेल यशवंत सिंह राजपूत, नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी व मनोज जोशी की मौजूदगी में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद डोल नगर भ्रमण करते हुए गऊघाट पहुंचे।कार्यक्रम में सोनकच्छ विधायक डॉ. राजेश सोनकर, मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि अनिल चावड़ा और नगर परिषद उपाध्यक्ष जय सिंह राणा मौजूद रहे। विधायक सोनकर ने सभी डोल की पूजा-अर्चना की। इस दौरान विभिन्न समाजों के अध्यक्षों और पुजारियों का साफा बांधकर एवं दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। नगर परिषद की ओर से समाज के वरिष्ठजनों का भी सम्मान किया गया। डोल ग्यारस समारोह की एक अनूठी परंपरा डोल के आगे नृत्य और भजन प्रस्तुत करने की भी है। इसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। माली समाज के डोल के आगे ट्रॉले पर भजन मंडली ने राधा-कृष्ण के भजनों की प्रस्तुति दी। भजन गायक आयुष माली ने भजनों की प्रस्तुति दी। इस दौरान विधायक डॉ. राजेश सोनकर भी भजनों पर नाचते-गाते नजर आए।

## गणेश पंडाल के पास जुआ खेलते छह गिरफ्तार



देवास। गणेश पंडाल के पास जुआ खेल रहे छह लोगों को कोतवाली पुलिस ने ऑपरेशन प्रहार के तहत गिरफ्तार किया। पुलिस ने मौके से 4,450 रुपए नकद, 52 ताश के पत्ते और चार एंड्रॉयड मोबाइल जब्त किए हैं। सभी आरोपियों के खिलाफ धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।पुलिस के अनुसार 22 सितंबर को मुखबिर से सूचना मिली थी कि सरस्वती स्कूल के पीछे भोसले कॉलोनी की गली में गणेश पंडाल के समीप कुछ लोग ताश के पत्तों पर रुपए-पैसों का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर कोतवाली पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर दबिश दी।गिरफ्तार आरोपियों की पहचान विवेक अहिरवार, इमरान मेहबूब खान, राहुल गुर्जेवार, आकाश पटेल, सोहेल शेख और इमरान उर्फ गुजरी के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार आरोपियों के खिलाफ पहले से भी आपराधिक मामले दर्ज हैं। छह आरोपियों के खिलाफ कुल 18 पूर्व प्रकरण दर्ज होना बताया गया है। इनमें इमरान मेहबूब खान के खिलाफ आठ, इमरान उर्फ गुजरी के खिलाफ चार, राहुल गुर्जेवार और सोहेल शेख के खिलाफ दो-दो तथा विवेक अहिरवार और आकाश पटेल के खिलाफ एक-एक पूर्व प्रकरण दर्ज है।कार्रवाई थाना प्रभारी निरीक्षक शशिकांत चौरसिया के नेतृत्व में उप निरीक्षक शिवनारायण सोलंकी, आरक्षक उदय और आरक्षक सत्येंद्र ने की।

## सिविल लाइन थाना पुलिस ने चाकूबाजी के दो आरोपी 12 घंटे में किए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



सिविल लाइन थाना क्षेत्र में पैसों के हिसाब को लेकर हुए विवाद में चाकूबाजी करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने घटना के 12 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त चाकू और बाइक भी जब्त की है। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।पुलिस के अनुसार बारोड़ पिपल्या प्रतीक्षालय के पास पैसों के हिसाब को लेकर विवाद हुआ था। इसी दौरान गाली-गलौज के बाद आरोपियों ने जान से मारने की नीयत से चाकूबाजी की।

मामले में सिविल लाइन थाने में अपराध क्रमांक 532/2026 के तहत धारा 109(1), 296, 351(3) और 3(5) बीएनएस में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई।घटना की गंभीरता को देखते हुए अधिकारियों के निर्देशन में थाना प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह लोधी के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई। टीम ने आरोपियों की तलाश शुरू की और लगातार पतारसी करते हुए पुवार्डा फाटा पर घेराबंदी कर दोनों को पकड़ लिया।गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सद्दाम शाह (34) निवासी ग्राम बांगर और इरफान शाह (40) निवासी ग्राम बांगर, जिला देवास के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों से घटना में प्रयुक्त एक चाकू और एक बाइक जब्त की है। दोनों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।कार्रवाई में थाना प्रभारी विजय सिंह लोधी, सउनि कमलपुरी गोस्वामी, प्रधान आरक्षक संतोष रावत, पवन पटेल, आरक्षक अरुण चावड़ा, राजाराम और नंदकिशोर मीणा की भूमिका रही।

## जिला जेल में शिविर आयोजित कर मनाया गया आयुर्वेद दिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

'स्वस्थ भविष्य के लिए आयुर्वेद' थीम को केंद्र में रखकर बुधवार को जिलेभर में कई जगह आयुर्वेद दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर लगभग 35 से ज्यादा ग्रामीण स्तर पर आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति आधारित आरोग्य शिविर लगाए गए, जिसमें हजारों रोगियों को निशुल्क निदान, परामर्श और विभिन्न ज़रूरी जाँचों के साथ औषधियाँ प्रदान की गईं।

मुख्य आयोजन जिला जेल में हुआ, यहाँ लगभग 137 रोगियों का परीक्षण, निदान और परामर्श करने के साथ उन्हें निशुल्क औषधियाँ प्रदान की गईं। 65 रोगियों की शर्करा और रक्तचाप की जाँच की गई। डॉ सुभाष चंद्र भार्गव, डॉ प्रीति बाला पाटीदार, तथा डॉ. कल्पना चौहान ने चिकित्सकीय परामर्श दिया। उपस्थित लगभग डेढ़ सौ से ज्यादा लोगों को डॉ प्रांजलि भारद्वाज ने रसोईघर में आयुर्वेद से स्वास्थ्य, डॉ. नीरज गुप्ता ने ऋतुचर्या से, डॉ संजीव पाटीदार ने नियमित योगाभ्यास से तथा डॉ. दीपेश सोलंकी ने औषधीय पौधों की जानकारी देते हुए निरोग रहने के गुर सीखाए।

जेल अधीक्षक विद्याभूषण प्रसाद ने धन्वंतरि पूजन के साथ आयोजन का शुभारम्भ करते हुए कहा कि आयुर्वेद हमारे पुरखों के समय से चली आ रही और भारत में फली-फूली चिकत्सा पद्धति है, जो रोग होने पर ही नहीं, बल्कि स्वस्थ प्राकृतिक जीवन शैली अपनाकर निरोग रहने पर जोर देती है।

## शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जन भागीदारी कार्यक्रम आयोजित




हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी




'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा-2026 के अंतर्गत आयकर कार्यालय, इटारसी द्वारा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सूरजगंज, इटारसी में 'जन भागीदारी' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन रंजीत सिंह सिसोदिया, आयकर अधिकारी एवं आर. सुधीर, आयकर अधिकारी द्वारा किया गया, जबकि कार्यक्रम का संचालन निलेश सिंह, आयकर निरीक्षक द्वारा किया गया एवं धन्यवाद प्रस्ताव आशुतोष सोनी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में 'राष्ट्र निर्माण में अपशिष्ट प्रबंधन, कचरे में कमी एवं पुनःचक्रण की भूमिका' विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रथम तीन विजेताओं को आयकर कार्यालय, इटारसी द्वारा पुरस्कृत किया गया एवं विद्यालय को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। इसके बाद आयकर विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा विद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का समापन सामूहिक स्वच्छता शपथ के साथ हुआ। आयकर कार्यालय, इटारसी द्वारा कार्यक्रम की सफलता में सहयोग के लिए विनय सोनिया, प्रधानाचार्य, महेश मालवीय, उप प्रधानाचार्य एवं महेश रायकवार के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में आयकर विभाग के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी, विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

### उल्लास एक अभिनव प्रयोग के तहत जिला न्यायालय में हुआ व्याख्यान

# गैर-जरूरी चीज खरीदने से पहले 48 घंटे रुकेः डॉ. टंडन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



आज एक क्लिक पर ख़रीदारी हो जाती है, इसलिए पैसा भी उतनी ही आसानी से निकल जाता है। किसी भी गैर-ज़रूरी चीज़ को ख़रीदने से पहले 48 घंटे रुक जाइए। अगर ज़रूरत सच्ची है तो इच्छा बनी रहेगी, वरना अपने आप ख़त्म हो जाएगी।

यह बात वेल बीइंग शिक्षा फाउंडेशन, नई दिल्ली की संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक डॉ. नीलम टंडन ने शनिवार को वित्तीय साक्षरता एवं कल्याणत्र विषय पर अपने व्याख्यान में कही।मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की पहल 'उल्लास – एक अभिनव प्रयोग' के अंतर्गत यह कार्यक्रम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से हुआ। जिला मुख्यालय देवास के साथ सोनकच्छ, टोंकखुर्द, बागली, कन्नौद और खातेगांव के तहसील न्यायालय भी इससे जुड़े। जिले के सभी न्यायिक अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में अधिवक्ता वर्चुअल रूप से शामिल हुए।डॉ. टंडन ने सरल उदाहरणों से समझाया कि बचत की शुरुआत आय से नहीं, ख़र्च की समझ से होती है। उन्होंने कहा कि वेतन बढ़े तो जीवनशैली से पहले बचत बढ़नी चाहिए। बीमा सुरक्षा के लिए है और निवेश संपत्ति बनाने के लिए, इसलिए दोनों को मिलाकर न देखें। हर साल अपनी वित्तीय स्थिति, नॉमिनी और वसीयत की समीक्षा करने तथा सेवानिवृत्ति के बाद नियमित आय की योजना बनाने की सलाह भी उन्होंने दी। ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने के लिए उन्होंने सेबी, एम्फी, आरबीआई रिटेल डायरेक्ट और साइबर क्राइम पोर्टल जैसे आधिकारिक स्रोतों की जानकारी भी दी गई।प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश कपिल मेहता ने बताया कि 'उल्लास' माननीय न्यायमूर्ति श्री आनंद पाठक की परिकल्पना है।

वर्ष 2024 में ग्वालियर खंडपीठ से शुरू हुई यह पहल अब माननीय उच्च न्यायालय द्वारा प्रदेश के सभी जिला न्यायालयों में लागू की गई है, ताकि न्यायिक परिवार काम के तनाव से उबरकर शारीरिक, मानसिक और आर्थिक रूप से सशक्त हो सके। उन्होंने ऐसे आयोजनों को समय की आवश्यकता बताया। आयोजित हुए कार्यक्रम में न्यायमूर्ति आनंद पाठक भी कुछ समय के लिए कार्यक्रम से वर्चुअल रूप से जुड़े।नवनियुक्त न्यायिक अधिकारियों और कर्मचारियों ने बचत, निवेश और पेंशन को लेकर खुलकर सवाल पूछे, जिनका डॉ. टंडन ने विस्तार से उत्तर दिया। अंत में जिला अभिभाषक संघ, देवास के अध्यक्ष राम प्रसाद सूर्यवंशी ने इस अनूठे आयोजन के लिए देवास को चुनने पर उच्च न्यायालय का आभार माना।

## सेवा संकल्प यात्रा का किया स्वागत

देवास। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत नगर से वाराणसी तक आयोजित रूट क्रमांक एक की जल जन सेवा संकल्प यात्रा का जिले की डबल चौकी सीमा में आगमन हुआ। यात्रा के आगमन पर भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ रायसिंह सेंधव, विधायक मुरली भवरा, पूर्व जिलाध्यक्ष बहादुर मुकाती, राजेश यादव, रजत पाल सिंह ने पुष्पवर्षा कर भव्य अगवानी की।

**कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति इटारसी जिला-नर्मदापुरम (म.प्र.)**

क्रमांक / मंडी / स्टोर/2026-27/745 इटारसी दिनांक 24/09/2026

:- कैमरा / मरम्मत / रखरखाव का ठेका कार्य की निविदा सूचना:-

एतत् द्वारा समस्त सी.सी.टी.वी. कैमरे विक्रेताओं / सुधारकों / संचालकों का सूचित किया जाता है कि मंडी प्रांगण जाँच चौकी एवं कार्यालय में लगे 36 कैमरें (आवश्यकतानुसार कम/अधिक) का व्यवस्थित संचालन एवं वार्षिक रखरखाव का ठेका दिया जाना है। निविदा प्रपत्र दिनांक 09.10.2026 समय दोपहर 12:00 बजे तक राशि 500 (पांच सौ रुपए) जमा कर कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है, कैमरा मरम्मत कार्य की शर्तें स्टोर शाखा से कार्यलयीन समय में देखी जा सकती है। इस हेतु आप अपनी निविदा दरें बंद लिफाफो (सामग्री एवं रखरखाव की दर संबंधी प्रपत्र) में दिनांक 09.10.2026 समय शाम 5:00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। बंद लिफाफे दिनांक 12.10.2026 को शाम 03.30 बजे संबंधित निविदाकार अथवा प्रतिनिधी के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोले जावेंगें। निविदा स्वीकृत / अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार मंडी समिति का होगा।

सचिव
कृषि उपज मण्डी समिति इटारसी

## खबर संक्षेप



### पुलिस ने अवैध गांजा के 176 पौधे जब्त किए आरोपी गिरफ्तार

**खरगोन।** पुलिस महानिरीक्षक इंदौर जोन इंदौर (ग्रामीण) अनुराग एवं उप पुलिस महानिरीक्षक निमाड रेंज खरगोन सुश्री सिमाला प्रसाद के द्वारा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों एवं मादक पदार्थों की खेती करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था । वरिष्ठ अधिकारियों से प्राप्त निर्देशों के परिपालन में पुलिस अधीक्षक खरगोन रविन्द्र वर्मा व अति. पुलिस अधीक्षक खरगोन (ग्रामीण) शकुन्तला रुहल ने जिला खरगोन के समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस व समस्त थाना प्रभारियों को कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया था । इसी तारतम्य में थाना बेड़िया पर पुलिस टीम के द्वारा अवैध मादक पदार्थ गांजे की खेती करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है । पुलिस टीम के द्वारा मौके से 176 नग गांजा के हरे पौधे वजनी 35 किलो 900 ग्राम कीमत लगभग 2,88,000/- रुपये को जब्त कर आरोपी सकाराम निवासी ग्राम पाल्या फालिया ग्राम बाल्या के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है ।

### जिले में यात्रा के आगमन पर किया गया भव्य स्वागत

# प्रधानमंत्री ने किया वड़नगर से वाराणसी जा रहे सेवा संकल्प बाइक राइडर्स से वर्चुअली संवाद






हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर ह्यसेवा संकल्प अभियानह्ल अंतर्गत वडनगर से वाराणसी तक विशेष बाइक यात्रा निकाली जा रही है। यह यात्रा 17 सितंबर को वड़नगर से रवाना हुई है। इस यात्रा में बड़ी संख्या में बाइकों पर सेवा यात्री शामिल हैं। यात्रा के दौरान सेवा, जनसंवाद और राष्ट्रीय एकता से जुड़े संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए विभिन्न गतिविधियां भी आयोजित की जा रही हैं। वडनगर से वाराणसी तक निकाली जा रही ह्यजन जल सेवा संकल्प बाइक यात्राह्ल के हरदा पहुंचने पर जिले में भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर गुरूवार को स्थानीय माहेश्वरी धर्मशाला में आयोजित वर्चुअल कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से यात्रा में शामिल सेवा यात्रियों को संबोधित किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने इस दौरान नर्मदा जिला (गुजरात) के सेवा यात्री आकाश टडवी से यात्रा के अनुभव साझा किए। उन्होने यात्रा के दौरान सेवा यात्रियों को मिली भारत के विकास की तस्वीर पर चर्चा की। प्रधानमंत्री ने इस दौरान अन्य जिलों और स्थानों से वर्चुअली जुड़े यात्रियों से भी संवाद किया। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश शासन के खेल एवं युवा कल्याण व सहकारिता विभाग मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री विश्वास सारंग, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमन्त खण्डेलवाल, सांची विधायक प्रभुराम चौधरी, पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष गजेन्द्र शाह, उपाध्यक्ष दर्शन सिंह गेहलोत, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश वर्मा सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के युवाओं द्वारा स्वच्छता एवं वृक्षारोपण के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने युवाओं से स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने युवाओं से कहा कि वे अपने जीवन के लिए एक वर्ष की कार्ययोजना तैयार करें और यह तय करें कि उन्हें क्या करना है। अपने लक्ष्यों को डायरी में लिखें तथा प्रतिदिन की प्रगति को भी दर्ज करें। उन्होंने कहा कि लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर प्रयास करने से युवा अपनी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ा सकते हैं।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण में प्रत्येक नागरिक और युवा की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने युवाओं से देशहित एवं समाजहित के कार्यों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने सेवा संकल्प बाइक यात्रा के प्रतिभागियों से कहा कि यात्रा के दौरान विभिन्न राज्यों की भाषा, वेशभूषा, खान-पान और सांस्कृतिक विविधताओं को जानने-समझने का अवसर प्राप्त होगा।

#### खिड़कीवाला में किया पौधरोपण

जन जल सेवा संकल्प बाइक यात्रा के दौरान दयोदय गोशाला के मार्ग में प्रभारी मंत्री विश्वास सारंग ने बाइक राइडर्स के साथ बाइक की सवारी कर सहभागिता की एवं बाइकर्स का उत्साहवर्धन किया। यात्रा के दौरान दयोदय गोशाला में गोपूजन एवं गो सेवा की गई। प्रभारी मंत्री सारंग एवं बाइक राइडर्स ने ग्राम खिड़कीवाला में पौधरोपण किया। इसके उपरान्त यात्रा टिमरनी पहुँची, जहाँ भाउ साहब भुस्कुटे महाविद्यालय में युवा संवाद किया गया। इसके पश्चात ग्राम सोडलपुर व टेमागांव में संकल्प सेवा यात्रा द्वारा युवा संवाद किया गया। इस दौरान पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल भी मौजूद थे।

### समिति ने कराया कन्या भोजन

## 30 वर्षों से विराजित हो रही गणपति प्रतिमा हो रहे धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन




हरिभूमि न्यूज ⏭ रहटगांव

श्री भैरू बाबा गणेश समिति खमगांव द्वारा गणेश उत्सव के अवसर पर गांव में भगवान गणेश की आकर्षक प्रतिमा विराजित की गई है। समिति द्वारा शुक्रवार को प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुसार विशाल कन्या भोजन का आयोजन किया गया। इसमें शासकीय एवं निजी स्कूलों की छात्राओं सहित बड़ी संख्या में ग्राम की कन्याओं ने शामिल होकर भोजन प्रसादी ग्रहण की।समिति सदस्यों आनंद सागर, अर्जुन तोमर, विजय पाठट, रामपाल सागर, शैलेंद्र सिंह राजपूत, दिलीप चौधरी एवं राजेंद्र सिंह राजपूत ने बताया कि समिति द्वारा पिछले 30 वर्षों से गणेश प्रतिमा विराजित कर भगवान गणेश की सेवा की जा रही है। गणेश उत्सव के दौरान प्रतिदिन धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। भगवान गणेश को विशेष भोग अर्पित किया जाता है तथा आरती और पूजन के बाद श्रद्धालुओं को महाप्रसादी वितरित की जाती है।

समिति द्वारा आयोजित कन्या भोजन में बड़ी संख्या में कन्याओं के शामिल होने से आयोजन स्थल पर उत्साह का माहौल रहा। समिति सदस्यों ने बताया कि गणेश उत्सव के दौरान आसपास के क्षेत्रों से भी श्रद्धालु भगवान गणेश के दर्शन के लिए पहुंचते हैं और पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। समिति द्वारा वर्षों से चली आ रही परंपरा के तहत इस बार भी धार्मिक आयोजनों के साथ सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा दिया जा रहा है।

### खाद्यान्न आवंटित

**सीहोर।** दीनदयाल रसोई योजना के अंतर्गत संचालित दीनदयाल रसोई केंद्रों को खाद्यान्न आवंटित किया गया है। दीनदयाल रसोई योजना के अंतर्गत नगर पालिका सीहोर को 12 क्विंटल गेहूं एवं 3 क्विंटल चावल, आष्टा को 12 क्विंटल गेहूं एवं 3 क्विंटल चावल, तथा बुदनी को 12 क्विंटल गेहूं एवं 3 क्विंटल चावल आवंटित किया गया है।

### अंतरराष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस मनाया

## दिव्यांग व सामान्य विद्यार्थियों को आर्ट एंड क्राफ्ट किट का वितरण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा गुरूवार को स्थानीय सीडब्ल्यूएसएन छात्रावास में अंतरराष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस का आयोजन किया गया। उप संचालक सामाजिक न्याय कमलेश सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य दिव्यांग बच्चों में समानता और समावेश की भावना को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम के दौरान दिव्यांग छात्र-छात्राओं और सामान्य विद्यार्थियों के बीच आर्ट एंड क्राफ्ट किट का वितरण किया गया। दोनों वर्ग के बच्चों ने एक साथ मिलकर ग्रुप एक्टिविटी की। इसके साथ ही विद्यार्थियों को डिजिटल और मैनुअल माध्यम से सांकेतिक भाषा का प्रशिक्षण भी दिया गया। जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के विशेषज्ञों द्वारा मौके पर ही बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की गई तथा जरूरतमंद दिव्यांग बच्चों को तत्काल यूडीआईडी कार्ड उपलब्ध कराए गए। कार्यक्रम में शासकीय विद्यालय के प्राचार्य, जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के विशेषज्ञ, सीडब्ल्यूएसएन के प्राध्यापकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने कॉलेज में किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

एनएसयूआई जिला अध्यक्ष हरिओम सिसोदिया के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं और छात्र छात्राओं ने प्रधानमंत्री एक्सीलेंस पीजी कॉलेज के प्राचार्य कक्ष से संविधान निर्माता बाबा भीमराव अंबेडकर की तस्वीर हटाने और कॉलेज प्राचार्य द्वारा कॉलेज के परीक्षा हॉल को एबीवीपी के कार्यक्रम के लिए भंडारा हाल बनाने सहित अंबेडकर लाइब्रेरी को परीक्षा हॉल बनाने के विरोध में प्रदर्शन किया गया। एनएसयूआई जिला अध्यक्ष हरिओम सिसोदिया ने कहा कि प्रधानमंत्री एक्सीलेंस पीजी कॉलेज के प्राचार्य अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के इशारे पर काम कर रहे हैं। बाबा भीमराव अंबेडकर की तस्वीर भी उन्होंने अपने कक्षा से निकलवा दी है। यह संविधान निर्माता बाबा साहब का अपमान है। इस अपमान को एनएसयूआई कार्यकर्ता किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं करेंगे। छात्र नेता यश यादव ने कहा कि किसी एक व्यक्ति या संगठन विशेष को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से कॉलेज के परीक्षा हॉल को निजी प्रोग्राम के लिए दिया जाना नियम के विरुद्ध है। बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के नाम पर बनी PG कॉलेज की सेंट्रल लाइब्रेरी को परीक्षा कक्ष में परिवर्तित किए जाने का हम कड़ा विरोध करते हैं।

### बधिर व्यक्तियों का अंतरराष्ट्रीय सप्ताह स्वास्थ्य शिविर आयोजित

## नाक, कान, गला विशेषज्ञ व ऑडियोलॉजिस्ट ने बच्चों के कानों की जांच की

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा




बधिर व्यक्तियों के अंतरराष्ट्रीय सप्ताह 2026 के तहत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह के मार्गदर्शन में गुरूवार को लाल स्कूल ग्वालनगर हरदा एवं डॉ. भीमराव अम्बेडकर शासकीय उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय के बालिका छात्रावास में विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला चिकित्सालय हरदा के नाक, कान, गला विशेषज्ञ डॉ. राजेश सतीजा एवं ऑडियोलॉजिस्ट नीरज मालवीय ने बच्चों के कानों की जांच की। वहीं आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ. मंजू वर्मा ने बच्चों की सामान्य स्वास्थ्य स्क्रीनिंग की। इस दौरान बच्चों को कान की देखभाल के संबंध में सामान्य जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने डीजे और ईयरफोन के अत्यधिक उपयोग से कानों पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों तथा मोबाइल के अत्यधिक प्रयोग से होने वाले खतरों के बारे में विस्तार से बताया। डॉ. भीमराव अम्बेडकर उत्कृष्ट बालिका छात्रावास में कुल 98 बालिकाओं की जांच की गई, जिनमें से 11 बालिकाओं में कान संबंधी समस्या पाई गई, जिन्हें परामर्श दिया गया। शिविर में 4 बालिकाओं को विशेष जांच के लिए जिला चिकित्सालय बुलाया गया। वहीं लाल स्कूल ग्वालनगर हरदा में कुल 132 बच्चों की जांच की गई, जिनमें 28 बच्चों में कान संबंधी समस्याएं पाई गईं। चिन्हित विशेष बच्चों की जांच जिला चिकित्सालय के डीईआईसी केन्द्र में की जाएगी। इस अवसर पर प्राचार्य संतोष यादव, डीईआईसी मैनेजर आशीष साकल्ले, वार्डन गुलाब बाई उईके, अर्चना चौरसिया सहित विद्यालय का स्टॉफ उपस्थित रहा।

## धर्मशाला की स्थापना के 100 साल पूरे होने पर पूर्वजों को याद किया गया

### नार्मदीय ब्राह्मण समाज ने समारोह का आयोजन किया




हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा




श्री नार्मदीय ब्राह्मण समाज की धर्मशाला की स्थापना के 100 साल पूरे होने पर दो दिवसीय शताब्दी समारोह आयोजित किया गया। बुधवार को गोपीकृष्ण गार्डन में हुए कार्यक्रम के साथ समारोह का समापन हुआ। देशभर की 55 से ज्यादा इकाइयों से आए 3 हजार से अधिक समाजजनों ने इसमें हिस्सा लिया। समारोह में धर्मशाला की स्थापना में अहम भूमिका निभाने वाले पूर्वजों को याद किया गया। दूसरे और समापन दिवस पर अतिथियों का रजिस्ट्रेशन और स्वागत किया गया। इस दौरान अतिथियों पर फूलों की बारिश कर उनका स्वागत हुआ। समारोह में ह्यआराध्याः एक अनमोल विरासतह्ल नाम की स्मारिका का विमोचन किया गया। इसमें समाज और धर्मशाला के 100 साल के इतिहास को संजोया गया है। नार्मदीय ब्राह्मण समाज महासभा के अध्यक्ष राजेश बड़ोले ने कहा कि यह आयोजन सिर्फ शताब्दी महोत्सव नहीं, बल्कि समाज की एकजुटता का महाकुंभ है। उन्होंने कहा कि समाज लंबे समय से हिंदू धर्म के संस्कारों और परंपराओं को आगे बढ़ाने का काम करता रहा है।

कार्यक्रम का स्वागत भाषण नार्मदीय ब्राह्मण समाज मंदिर ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी अशोक पाराशर और कार्यक्रम संयोजक संदीप पाराशर ने दिया। समाज के वरिष्ठ मधुकर बिल्लोरे ने मंच पर मौजूद अतिथियों को शताब्दी कलश भेंट किया। समारोह में नर्मदाष्टक और वंदे मातरम की प्रस्तुति भी हुई। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में धर्मशाला की स्थापना में अहम भूमिका निभाने वाले 13 महापुरुषों के परिजनों को सम्मानित किया गया। इनमें रामेश्वरदास गार्गव, जगन्नाथ गुहा कडोला, मुंशी दामोदर प्रसाद पाराशर, ताराचंद दीवान बंडावाला, सीताराम दीवान पानतलाई, बाबू नाथुराम बिल्लौरे तजपुरावाले, लक्ष्मीनारायण निलोबा सराफ, मुंशी लच्छीराम सवालनवीस, बाबू कुंजीलाल नांदरा, हरलाल खजांची पानतलाई, गुलाबचंद बजाज, बाबू रामकरण लाल जोशी (नागपुर) और नाथूराम धनेसर खिड़कीवाला के परिजन शामिल रहे। इसके बाद वक्ताओं ने संयुक्त परिवार, महिला सशक्तिकरण, ह्यहमारी विरासत-हमारी पहचानह्ल, समाज विकास और सामाजिक रूढ़िवादिता जैसे विषयों पर विचार रखे। तीसरे सत्र में समाजजनों की मौजूदगी में कई संकल्प लिए गए। मुख्य ट्रस्टी अशोक पाराशर ने बताया कि इनमें नर्मदा संरक्षण, शिक्षा का प्रसार, संयुक्त परिवार को बढ़ावा देना और युवाओं को करियर मार्गदर्शन देने जैसे विषय शामिल हैं। समारोह में महामंडलेश्वर ओंकारदास महाराज, गुरुदेव सुदेश शांडिल्य, राजेश बिल्लोरे, पूर्व मंत्री पीसी शर्मा, अनुया भाटे और शीतल डोंगरे सहित समाज के कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

#### दानदाताओं का सम्मान

समारोह के अंतिम सत्र में नार्मदीय ब्राह्मण समाज मंदिर ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी अशोक पाराशर, ट्रस्टी राजेंद्र गुहा, संजय काशिव, ऋषि पारे, दीपक शुक्ला, महिला संगठन की अध्यक्ष किरण काशिव और युवा संगठन अध्यक्ष अक्षय नेगी ने देशभर से आई समाज की इकाइयों का सम्मान किया। शताब्दी समारोह के आयोजन में सहयोग करने वाले दानदाताओं को भी सम्मानित किया गया। दो दिवसीय कार्यक्रम के दौरान समाज की पुरानी विरासत को याद करने के साथ आने वाली पीढ़ी के लिए शिक्षा, संस्कार और सामाजिक एकजुटता को आगे बढ़ाने पर जोर दिया गया।

## सारंगाखेड़ी में शासकीय भूमि से हटाया अतिक्रमण

### जेसीबी से तोड़ा निर्माण




हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कलेक्टर बालागुरू के के निर्देशानुसार जिले में शासकीय भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराने की कार्रवाई निरंतर जारी है। इसी क्रम में ग्राम सीहोर तहसील के सारंगाखेड़ी में शासकीय भूमि पर कुछ रसूखदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण की जानकारी मिलने पर राजस्व विभाग एवं पुलिस के दल ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की।

नायब तहसीलदार धनजी मालवीय एवं हल्का पटवारी नीलेश यादव सहित राजस्व दल द्वारा मौके का निरीक्षण कर शासकीय भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। अधिकारियों ने मौके पर कार्रवाई करते हुए शासकीय भूमि पर किए गए अतिक्रमण को हटवाया तथा भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया।

## सांदीपनि विद्यालय टेमला में उमंग दिवस मनाया

### जीवन कौशल, साइबर सुरक्षा व पॉक्सो एक्ट की दी जानकारी







हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन

सांदीपनि विद्यालय टेमला में उमंग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को जीवन कौशल, साइबर सुरक्षा, पॉक्सो एक्ट तथा सशक्तिकरण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को सुरक्षित, जागरुक एवं आत्मविश्वासी बनाने के साथ उन्हें विभिन्न सामाजिक एवं व्यक्तिगत चुनौतियों से निपटने के लिए आवश्यक जानकारी प्रदान करना रहा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि उमंग की स्टेट को-ऑर्डिनेटर डॉ. ज्योति सिपणकर रहीं। उन्होंने विद्यार्थियों को उमंग कार्यक्रम के अंतर्गत जीवन कौशल के 10 आयामों की विस्तार से जानकारी देते हुए दैनिक जीवन में इनके महत्व को समझाया।

उमंग कार्यक्रम मास्टर ट्रेनर, जिला खरगोन श्री नरेंद्र पंचोले ने उमंग कार्यक्रम की विशेषताओं एवं उद्देश्यों से विद्यार्थियों को अवगत कराया। पुलिस विभाग से थाना प्रभारी गीता सोलंकी ने विद्यार्थियों को साइबर क्राइम एवं साइबर सुरक्षा के संबंध में जागरूक किया। वहीं श्री अमजद खान एवं लक्ष्मी डावर ने पॉक्सो एक्ट से संबंधित महत्वपूर्ण प्रावधानों की जानकारी देते हुए सुरक्षा एवं जागरूकता के उपाय बताए। उमंग प्रभारी ललिता पंवार एवं भारती वासुरे ने विद्यालय में संचालित उमंग गतिविधियों की जानकारी दी। विद्यालय में स्थापित उमंग कॉर्नर के माध्यम से विद्यार्थियों को जागरूकता संबंधी सामग्री एवं विभिन्न गतिविधियों से जोड़ा जा रहा है।

सशक्तीकरण गतिविधि के अंतर्गत कक्षा 9वीं के विद्यार्थियों ने नसरीन की कहानी प्रस्तुत की। कहानी के माध्यम से विद्यार्थियों को आत्मविश्वास, जागरूकता एवं सशक्तिकरण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का संचालनसंदीप सांगले एवं श्रीमती भारती वासुरे ने किया। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागी विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। योगेश गर्दे ने आभार प्रदर्शन किया। आयोजन में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता रही।

### नो-यूपीआई डे पर व्यापारी और आमजन दोनों हुए परेशान

# एमडीआर चार्ज के विरोध में सड़क पर उतरे व्यापारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सरकार ने पहले तो डिजिटल इंडिया के सपने दिखाए, लोगों को कैशलेस होने की आदत डाल दी और अब अचानक चार्ज थोपने का नाटक शुरू कर दिया। शहर के बाजारों में खरीदारी करने निकले आम नागरिकों और व्यापारियों का यह गुस्सा बुधवार को सड़कों पर साफ देखने को मिला। व्यापार महासंघ सीहोर के आह्वान पर पूरे शहर में नो-यूपीआई डे मनाया गया, जिससे दिनभर ऑनलाइन पेमेंट पर पूरी तरह ब्रेक लगा रहा। डिजिटल भुगतान के भरोसे बाजार पहुंचे ग्राहकों को



जब दुकानें पर स्कैनर ढके मिले तो उन्हें भारी फजीहत का सामना करना पड़ा। मजबूरन लोगों को एटीएम और बैंक शाखाओं के चक्कर काटकर नकद पैसों का इंतजाम करना पड़ा।व्यापारियों के इस एक दिवसीय सांकेतिक विरोध प्रदर्शन के कारण शहर का पूरा व्यापारिक परिदृश्य बदला नजर आया। दुकानों, संस्थानों के बाहर लगे यूपीआई क्यूआर कोड/स्कैनर्स को काले कपड़े से ढक दिया गया था। सभी व्यापारियों ने हाथों में काली पट्टी बांधकर शांतिपूर्ण और अनुशासित तरीके से अपना विरोध दर्ज कराया। इस दौरान व्यापारियों ने न तो ग्राहकों से कोई ऑनलाइन भुगतान लिया और न ही खुद यूपीआई से कोई पेमेंट किया। व्यापारियों और आम जनता की इस नाराजगी की मुख्य वजह 15 अक्टूबर से लागू होने जा रहा नया नियम है। नए नियम के तहत 2000 रुपये से अधिक के पर्सन टू मर्चेंट यूपीआई लेन-देन पर व्यापारी से 0.4 प्रतिशत एमडीआर शुल्क वसूला जाएगा। बड़े ट्रांजेक्शन पर व्यापारियों को अधिकतम 300 रुपये तक का अतिरिक्त शुल्क अपनी जेब से चुकाना पड़ेगा। थोक किराना, कपड़ा, तेल और अनाज व्यापारियों का कहना है कि थोक व्यापार पहले से ही बेहद कम मार्जिन पर चलता है। ऐसे में यदि कोई व्यापारी दिनभर में 2000 रुपये से अधिक के सिर्फ 10 से 15 यूपीआई ट्रांजेक्शन स्वीकार करता है तो उसे हर दिन हजारों रुपये का बेवजह शुल्क देना होगा, जिससे व्यापार करना मुश्किल हो जाएगा।